# राजनीतिक विज्ञान

## कक्षा– नौवीं

## अध्याय–2, लोकतंत्र क्या? लोकतंत्र क्यों?

**याद रखने की बातें :–**

– डेमोक्रेसी (लोकतंत्र) यूनानी शब्द 'डेमोक्रेशिया' से बना है।

– यूनानी में 'डेमोस' का अर्थ होता है 'लोग' और 'क्रेशिया' का अर्थ होता है 'शासन'। इस प्रकार डेमोक्रेसी अर्थात् लोकतंत्र का अर्थ है लोगों का शासन।

– लोकतंत्र – शासन का वह रूप है जिसमें शासकों का चुनाव जनता करती है।

– ''लोकतंत्र ऐसी सरकार है जो लोगों की हो, लोगों के लिए हो और लोगों द्वारा बनाई गई हो'' (अब्राहम लिंकन)

– लोकतंत्र निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनावों पर आधारित होता है।

– लोकतंत्र में हर वयस्क नागरिक का एक वोट होता है।

– लोकतान्त्रिक सरकार संवैधानिक कानूनों और नागरिक अधिकारों के आधार पर ही काम करती है

– चीन की संसद को राष्ट्रीय जनसंसद कहा जाता है। इस संसद को देश का राष्ट्रपति नियुक्त करने का हक है।

– चुनाव लड़ने से पूर्व सभी उम्मीदवारों को चीनी कम्युनिस्ट दल से मंजूरी लेनी होती है। सरकार सदैव कम्युनिस्ट पार्टी की ही बनती है।

– पाकिस्तान में जनरल परवेज मुशर्रफ ने अक्टूबर 1999 में सैनिक तख्तापलट की अगुवाई की।

**1 अंक वाले प्रश्न :–**

1. अक्टूबर 1999 में पाकिस्तान में किस ने सैनिक तख्तापलट की अगुवाई की?
2. लोकतंत्र में अंतिम निर्णय लेने की शक्ति किस के पास होनी चाहिए?
3. सरकार का अलोकतांत्रिक स्वरूप क्या है?

4. सऊदी अरब में समाज के किस वर्ग को वोट डालने का हक हासिल नहीं है?

5. कोई एक लोकतांत्रिक कार्य लिखिए।

6. कोई एक गैर लोकतांत्रिक कार्य लिखिए।

7. उस नेता का नाम बताइए जिसने जर्मनी में तानाशाही सरकार लाने का प्रयत्न किया?

8. अब्राहम लिंकन ने 'लोकतंत्र' को किस प्रकार परिभाषित किया है?

9. निम्नलिखित में से कौन–सा देश लोकतान्त्रिक नहीं है?

   (क) इंग्लैंड (ख) भारत

   (ग) म्यांमार (घ) अमेरिका

10. निम्नलिखित में से किस देश में सिर्फ शासक दल ही चुनाव लड़ सकता है?

    (क) फ्रांस (ख) अमेरिका

    (ग) मेक्सिको (घ) जर्मनी

**लघु / दीर्घ प्रश्न (3 / 5 अंक)**

1. क्या नेपाल 2005 तक एक लोकतांत्रिक देश था? अपने मत के पक्ष में दलीलें दीजिये।

2. क्या म्यांमार एक लोकतांत्रिक देश है? अपने मत के पक्ष में दलीलें दीजिये।

3. क्या सऊदी अरब एक लोकतान्त्रिक देश है? अपने मत के पक्ष में दलीलें दीजिये।

4. क्या चीन एक लोकतांत्रिक देश है? अपने मत के पक्ष में दलीलें दीजिये।

5. लोकतंत्र की मुख्य विशेषताएं लिखिए।

6. ''एक व्यक्ति–एक वोट– एक मोल'' से क्या अभिप्राय है?

7. लोकतांत्रिक सरकार की मुख्य विशेषताएं लिखिए।

8. गैर–लोकतान्त्रिक सरकार के कुछ समान लक्षण लिखिए।

9. लोकतंत्र के पक्ष में कोई पांच तर्क दीजिये।

10. लोकतंत्र के खिलाफ कोई पांच तर्क दीजिये।

## उत्तर माला :–

### 1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. जनरल परवेज़ मुशर्रफ
2. लोगों द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों के पास
3. सैनिक शासन अथवा राजतंत्र
4. महिलाएं
5. न्यायपालिका स्वतंत्र (या अन्य कोई)
6. सरकार लोगों के प्रति उत्तरदायी नहीं (या अन्य कोई)
7. हिटलर
8. अब्राहम लिंकन
9. म्यांमार
10. मेक्सिको

### लघु/दीर्घ प्रश्नों के उत्तर

1. नहीं।
   - नेपाल में लोगों के द्वारा चुनी हुई सरकार नहीं थी।
   - नेपाल का राजा राज घराने में पैदा होने के कारण शासक बनता था।
2. नहीं।
   - म्यांमार में सैनिक शासन है
   - शासन के फैसलों में लोगों की कोई भागीदारी नहीं है।
   - जो कोई सैनिक अधिकारियों के विरूद्ध बोलता है उसे जेल में डाल दिया जाता है।
3. नहीं।
   - सऊदी अरब के शाह लोगों के द्वारा नहीं चुने जाते राज परिवार में जन्म लेने के कारण यह हक पाया है
   - महिलाओं को वोट डालने का हक नहीं है।

4. नहीं।

– चीन में चुनाव लड़ने से पहले चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से मंजूरी अवश्य लेनी पड़ती है।

– केवल कम्यूनिस्ट पार्टी और उससे सम्बद्ध कुछ छोटी पार्टियों के सदस्य ही चुनाव में भाग ले सकते है।

5. लोकतंत्र की मुख्य विशेषताएं :

– प्रमुख फैसले निर्वाचित नेताओं के हाथ।

– स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावी मुकाबला।

– एक व्यक्ति एक वोट एक मोल।

– कानून का राज और अधिकारियों का आदर।

– शासन में भागीदारी के सबको समान अवसर।

6. लोकतंत्र में प्रत्येक व्यस्क नागरिक का एक मत होना चाहिए और प्रत्येक वोट का एक समान मूल्य होना चाहिए।

7. लोकतांत्रिक सरकार की मुख्य विशेषताएं :–

– नागरिकों को भाषण देने और विचार व्यक्त करने की पूर्ण स्वतंत्रता।

– स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से चुनाव करने की व्यवस्था।

– राजनैतिक दलों को स्वतंत्र रूप से काम करने की आज्ञा।

– मजदूरों को व्यापारिक संघ स्थापित करने की पूर्ण स्वतंत्रता।

– प्रेस को पूर्ण आजादी।

8. गैर–लोकतान्त्रिक सरकार के कुछ लक्षण :

– लोग सरकार और उसकी नीतियों की आलोचना नहीं कर सकते।

– शासनकर्ता सर्वेसर्वा होता है।

– विपक्षी दलों का कोई स्थान नहीं।

– मजूदरों को व्यापारिक संघ स्थापित करने की अनुमति नहीं।

– प्रेस को पूर्ण आज़ादी प्राप्त नहीं।

9. लोकतंत्र के पक्ष में पांच तर्क :–

– शासन का अधिक जवाबदेही वाला स्वरूप।

– बेहतर निर्णय लेने की संभावना।

– नागरिकों का सम्मान।

– मतभेदों और टकरावों को संभालने का तरीका उपलब्ध।

– गलतियों के सुधार के अवसर।

10. लोकतंत्र के खिलाफ पांच तर्क :

– अस्थिरता।

– फैसलों में देरी।

– भ्रष्टाचार की संभावना।

– चुनावी प्रक्रिया महंगी।

– सामान्य लोगों को सरकार चुनने का फैसला लेने में कठिनाई।